मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-435
21/08/2023

# मुख्यमंत्री के समक्ष जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित पथ निर्माण विभाग ने दी प्रस्तुति, मुख्यमंत्री ने अपराह्न में किया परियोजना का स्थल निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 21 अगस्त 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया।

बैठक में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने जे0पी0 गंगा पथ के सौंदर्यीकरण को लेकर शुरू की जानेवाली पार्क परियोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दीघा से गांधी मैदान तक के जे0पी0 गंगा पथ के 7 किलोमीटर लम्बाईवाले भाग के क्षेत्र को हरा–भरा किया जायेगा। इसमें 1 लाख पौधे लगाये जायेंगे। यहां लोगों के टहलने से लेकर घूमने–फिरने, साइकिलिंग, छठ व्रतियों के लिये छठ घाटों की सुविधाओं आदि की बेहतर व्यवस्था की जायेगी। 90 प्रतिशत क्षेत्र को हरित क्षेत्र तथा 10 प्रतिशत क्षेत्र को मूलभूत सुविधायुक्त क्षेत्र के रूप में विकसित किया जायेगा।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के विस्तारीकरण के संबंध में भी प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने 35 किलोमीटर के दीघा–शेरपुर–कोईलवर तक के विस्तारीकरण के साथ–साथ जे0पी0 गंगा पथ के 42.5 किलोमीटर दीदारगंज–बख्तियारपुर–करजान तक के विस्तारीकरण को लेकर जानकारी दी।

बैठक में उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, शिक्षा मंत्री श्री चंद्रशेखर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, स्वास्थ्य सह पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, वित्त विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

बैठक के पश्चात् मुख्यमंत्री ने अपराह्न में जे0पी0 गंगा पथ पर दीघा से गांधी मैदान तक के क्षेत्र में सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर प्रस्तावित परियोजना का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि सौंदर्यीकरण के प्रस्तावित परियोजना पर ठीक से काम करें। पार्कों का निर्माण होने से यह क्षेत्र सुंदर और हरा–भरा दिखेगा। लोगों को घूमने टहलने में भी सहूलियत होगी। छठव्रतियों के लिये छठ घाटों का बेहतर प्रबंधन से उन्हें सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने इसके पश्चात् गायघाट, भद्रघाट, खाजकलां घाट, कंगन घाट होते हुये दमराही घाट तक जाकर जे0पी0 गंगा पथ के निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, स्वास्थ्य सह पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक, पटना के जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित परियोजना से जुड़े अन्य वरीय अधिकारी एवं अभियंता मौजूद थे।

निरीक्षण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जे0पी0 गंगा पथ का एक हिस्सा बनकर तैयार हो गया है और दूसरा हिस्सा भी जल्दी से बनकर तैयार हो जाएगा। सब काम जल्दी से हो जाए और लोगों को अधिक से अधिक सुविधा मिले यही देखने के लिए हम यहां बराबर आते रहते हैं। जे0पी0 गंगा पथ के पूरे प्रोजेक्ट को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 के शुरुआती दौर में पूरी तरह से इसके बन जाने के आसार हैं। पहले फेज का उद्घाटन किया गया था। अभी दूसरे फेज का उद्घाटन किया गया है जो दीघा से गायघाट तक है। जल्द ही तीसरे फेज में दीदारगंज तक सड़क बना ली जाएगी। पिछले वर्ष एक हिस्सा यानी गांधी मैदान से दीघा तक पूरा हुआ था फिर इस साल यानी वर्ष 2023 में गायघाट तक काम पूरा हुआ और वर्ष 2024 में दीदारगंज तक पूरा कर लिया जाएगा। कच्ची दरगाह से बिदुपुर सिक्स लेन का पुल बन रहा है, हालांकि उसके निर्माण में थोड़ी देरी हुई है। अगले साल यानी 2024 के शुरुआती दौर में उस पुल का काम भी पूरा हो जाएगा।

भाजपा बोल रही है कि काम नहीं हो रहा है, पत्रकारों के इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका जवाब तो आपलोगों को देना चाहिए। आपलोग खुद देखिए और उनलोगों को बताइये कि यहां कितनी तेजी से काम हो रहा है। हम उनलोगों का कोई बयान नहीं देखते–सुनते हैं। जब भाजपावाले साथ थे तो कभी कोई कुछ नहीं बोलता था। अब जब काम तेजी से करवा रहे हैं तो कुछ–कुछ बयान आने लगता है। इसका कोई मतलब नहीं है। उनलोगों के बोलने का कोई वैल्यू नहीं है।

******